भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि भवन नई दिल्ली

मि.स. 21-33/19 - समन्वय

दिनांक 24 जुलाई, 2019

सेवा में,

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
संस्थानों /राष्ट्रिय अनुसंधान केन्द्रों के
समस्त निदेशक /परियोजना निदेशक

महोदय,

कृपया इस पत्र के साथ सलंग्न पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु देखे

धन्यवाद

भवदीय

( विन्सेंट टी )
अनुभाग अधिकारी (समन्वय)

INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
KRISHI BHAWAN: NEW DELHI

F. No. GAC-21-33/2019-CDN Dated 22th July, 2019

ENDORSEMENT

Department of Personnel and Training, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Government of India, New Delhi has issued Corrigendum No. 12/1/2019-JCA-2 dated 26.6.2019 regarding holidays to be observed in Central Government Offices during the year 2020. The above mentioned Corrigendum. is being uploaded on the ICAR website www.icar.org.in and e-office for information.

22/7/19
(Ajai Verma)
Under Secretary (GAC)

Distribution :-

1. Directors/Project Directors of all ICAR Institutes/National Research Centres/ Project Coordinators/Coordinated Research Projects/ATARIs/Bureaux for information and compliance.
2. All Officers/Sections at ICAR Krishi Bhawan/KAB – I & II/NASC
3. Secretary(SS), CJSC, CSWCRTI, Dehradun.
4. Secretary(SS), HJSC, ICAR.
5. Sr.PPS to DG, ICAR/ PPS FA (DARE)/PPS to Secretary, ICAR
6. Media Unit for placing on the ICAR website.
7. Guard file/Spare copies

F. No. 12/1/2019-JCA-2
Department of Personnel & Training
Establishment (JCA) Section
*****

अपर सचिव (डेयर) एवं सचिव (भा. कृ. अनु. प.)
~~AS(D) & Secy. (ICAR)~~
डायरी सं. /Dy. No. 3241228
दिनांक/Date 15/7/19

North Block, New Delhi
Dated the 26th June, 2019

**CORRIGENDUM**

**Subject: Holidays to be observed in Central Government Offices during the year 2020 – reg.**

******

In the list of holidays to be observed in Central Government Offices during the year 2020, circulated vide OM of even number dated 18th June, 2019, the para 6 of the OM may be read as;

"During 2020, Diwali (Deepawali) falls on Saturday, November 14, 2020 (Karthika 23)."

Hindi version will follow.

(Juglal Singh)
Deputy Secretary to the Govt. of India
Ph:23092338

To

1. All Ministries/ Departments of Government of India.
2. UPSC/CVC/C&AG/PMO/Lok Sabha Secretariat/Rajya Sabha Secretariat President's Secretariat / Vice-President's Secretariat / Supreme Court / High Court of the States / Central Administrative Tribunal Principal Bench / Election Commission of India / Minorities Commission / National Human Rights Commission / Central Information Commission/National Commission for Women/National Commission for SC/NCST/NCBC.
3. All attached and subordinate offices of Ministry of Personnel, P.G. & Pensions.
4. Secretary, Staff Side, National Council (JCM), 13-C, Ferozeshah Road, New Delhi.
5. All Staff Side Members of the National Council (JCM).
6. All Staff Side Members of the Departmental Council (JCM),Ministry of Personnel, P.G. and Pensions.
7. Chairman/Secretaries, Central Government Employees Welfare Coordination Committees (As per updated list from Welfare Section).
8. PS to Cabinet Secretary.
9. Deputy Secretary (Coordination), Delhi Govt. Secretariat, I.G. Stadium, I.T.O., New Delhi.
10. The Manager (Store), Government of India, Forms Store, 166 Lenin Sarai, Kolkata
11. Chief Secretaries to all the State Governments/Union Territories.
12. Directorate of Advertising and Visual Publicity, PTI Building, New Delhi
13. Deputy Director (Bills), Dte. of Printing, B-Wing, Nirman Bhavan, New Delhi
14. Positional Astronomy Centre, Block-AQ, Plot No.8 Sector-V, Salt lake, Manish Bathan, Kolkata - 700091
15. Facilitation Centre, DOP&T (20 copies)

5.7.19

फा.सं.-12/1/2019 -जेसीए-2

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

स्थापना (जेसीए-2) अनुभाग

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली,

दिनांक 18 जून, 2019

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय :-वर्ष 2020 के दौरान केन्द्र सरकार के कार्यालयों में रखी जाने वाली छुट्टियों के संबंध में।**

यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी प्रशासनिक कार्यालयों में वर्ष 2020 के दौरान इस कार्यालय ज्ञापन के **अनुलग्नक-I** में यथाविनिर्दिष्ट छुट्टियाँ रहेंगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक कर्मचारी को **अनुलग्नक-II** में दर्शाई जा रही वैकल्पिक छुट्टियों की सूची में से अपनी इच्छानुसार कोई दो छुट्टियाँ लेने की भी अनुमति होगी ।

2. दिल्ली/नई दिल्ली से बाहर स्थित केन्द्र सरकार के प्रशासनिक कार्यालयों में नीचे पैरा 3.1 में दर्शाई जा रही छुट्टियों में से तीन छुट्टियों के अतिरिक्त निम्नलिखित छुट्टियाँ अनिवार्यतः रहेंगी :-

1. **गणतंत्र-दिवस**
2. **स्वतंत्रता-दिवस**
3. **महात्मा गांधी जन्म दिवस**
4. **बुद्ध पुर्णिमा**
5. **क्रिसमस दिवस**
6. **दशहरा (विजय दशमी)**
7. **दिवाली (दीपावली)**
8. **गुड फ्राइडे**
9. **गुरु नानक जन्म दिवस**
10. **ईद उल फितर**
11. **ईद उल जुहा**
12. **महावीर जयंती**
13. **मुहर्रम**
14. **पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस (ईद-ए-मिलाद)**

**3.1** पैरा 2 में उल्लिखित उपर्युक्त 14 अनिवार्य छुट्टियों के अतिरिक्त, राज्य की राजधानियों में स्थित केन्द्र सरकार कर्मचारी कल्याण समन्वय समितियों द्वारा, यदि आवश्यक हो तो राज्य के अन्य स्थानों की समन्वय समितियों के परामर्श से, नीचे दी जा रही सूची में से, तीन छुट्टियाँ तय की जाएंगी । संबंधित राज्य में स्थित, केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों के लिए समान रूप से लागू होने वाली छुट्टियों की अंतिम सूची, तदनुसार अधिसूचित की जाएगी और उसके पश्चात् उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यह भी स्पष्ट

किया जाता है कि दर्शाए गए त्योहारों और तारीखों के संबंध में किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं है ।

1. **दशहरा के अवसर पर एक अतिरिक्त दिवस**
2. **होली**
3. **जन्माष्टमी (वैष्णवी)**
4. **रामनवमी**
5. **महाशिवरात्रि**
6. **गणेश चतुर्थी/विनायक चतुर्थी**
7. **मकर संक्रांति**
8. **रथ यात्रा**
9. **ओणम**
10. **पोंगल**
11. **श्री पंचमी/बसंत पंचमी**
12. **विशु/वैशाखी/वैशाखड़ी/बहाग बिहु/मशाड़ी उगड़ी/चैत्र शुक्लादि/चेटी चंड/गुड़ी पड़वा/प्रथम नवरात्र/नौराज/छठ पूजा/करवा चौथ ।**

3.2 यदि पहले ही अधिसूचित की जा चुकी किसी त्योहार से संबंधित छुट्टी, बाद में, सप्ताहांत अवकाश अथवा कार्यदिवस से भिन्न किसी और दिन पड़े अथवा एक ही दिन एक से अधिक त्योहार पड़ें तो उसके स्थान पर कोई और छुट्टी नहीं की जाए।

4. इस कार्यालय-ज्ञापन के साथ संलग्न वैकल्पिक छुट्टियों की सूची दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के लिए है। राज्यों की राजधानियों की समन्वय समितियाँ, स्थानीय अवसरों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, अपनी वैकल्पिक छुट्टियों की अलग सूची तैयार कर सकती हैं, किन्तु इस सूची में, ऊपर पैरा 3.1 में से 3 परिवर्तनीय छुट्टियाँ चुनने के बाद शेष रहे 9 अवसर शामिल किए जाने अपेक्षित हैं ।

5.1 दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित कार्यालयों के संबंध में चाँद दिखाई देने पर निर्भर करने वाली ईद-उल-फितर, ईद-उल-जुहा, मुहर्रम और ईद-ए-मिलाद की छुट्टियों की तारीख के बारे में कोई परिवर्तन, यदि आवश्यक हुआ तो, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (पुलिस उपायुक्त, विशेष शाखा, दिल्ली पुलिस) से स्थिति पता करने के पश्चात्, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित कर दिया जाएगा ।

5.2 दिल्ली/नई दिल्ली से बाहर स्थित कार्यालयों के संबंध में राज्यों की राजधानियों की केन्द्र सरकार कर्मचारी कल्याण समन्वय समितियों को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के निर्णय के आधार पर, ईद-उल-फितर, ईद-उल-जुहा, मुहर्रम तथा ईद-ए-मिलाद की छुट्टियों की तारीख में, यदि आवश्यक हो तो, परिवर्तन करने का अधिकार है ।

5.3 ऐसा हो सकता है कि उपर्युक्त अवसरों की तारीख में परिवर्तन, थोड़े समय पहले ही अधिसूचित करना पड़े। ऐसी स्थिति में छुट्टी की घोषणा, पत्र सूचना कार्यालय/दूरदर्शन/आकाशवाणी/ समाचार पत्रों इत्यादि के माध्यम से की जाए तथा विभागाध्यक्ष/केन्द्र सरकार के कार्यालय, परिवर्तन की तारीख के बारे में किसी औपचारिक आदेश की प्रतीक्षा किए बिना ही ऐसी घोषणा के अनुसार कार्रवाई करें ।

6. वर्ष 2020 के दौरान दिवाली (दीपावली) शनिवार 14 नवंबर, 2020 ( कार्तिक 23) को पड़ रही है। कुछ राज्यों में यह अवसर (त्योहार) एक दिन पहले अर्थात् "नरक चतुर्दशी के दिन" मनाए जाने की प्रथा है । इसे ध्यान में रखते हुए, किसी राज्य में, केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में दीपावली की छुट्टी, दीपावली के दिन के स्थान पर नरक चतुर्दशी (दीपावली दिवस के स्थान पर) के दिन रखे जाने के प्रति कोई आपत्ति नहीं है, यदि उस राज्य में, राज्य सरकार के कार्यालयों में भी दीपावली की अनिवार्य छुट्टी के रूप में केवल उसी दिन की छुट्टी घोषित की गई हो ।

7. औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित, केन्द्रीय सरकारी संगठनों में, वर्ष में 16 छुट्टियाँ होंगी जिनमें तीन राष्ट्रीय छुट्टियाँ अर्थात् गणतंत्र-दिवस, स्वतंत्रता-दिवस और महात्मा-गांधी-जन्म-दिवस की छुट्टियाँ अनिवार्य होंगी। वर्ष 2020 की शेष छुट्टियों/अवसरों का निर्धारण, ऐसे प्रतिष्ठानों/संगठनों द्वारा ऊपर पैरा 3.2 के अधीन स्वयं ही किया जाए।

8. संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, छुट्टियों का निर्धारण, गृह मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार करेंगे।

9. विदेश स्थित भारतीय मिशनों के संबंध में, अवकाश दिवसों की संख्या को, इस विभाग के दिनांक 17.12.2002 के कार्यालय ज्ञापन संख्या-12/5/2002-जे.सी.ए., में निहित अनुदेशों के अनुसार अधिसूचित किया जाए । दूसरे शब्दों में, उनके पास अपनी ही 11 (ग्यारह) छुट्टियों को चुनने का विकल्प तीन राष्ट्रीय छुट्टियों और ईद-उल-जुहा (बकरीद), मूहर्रम, दशहरा और दिवाली को अनिवार्य तथा सप्ताहांत दिवस पर पड़ने वाली छुट्टियों की सूची में शामिल करने के बाद ही उपलब्ध होगा ।

10. बैंकों के संबंध में, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार छुट्टियों का विनियमन होगा ।

(जुगलाल सिंह)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 23092338

**अनुलग्नक :-** छुट्टियों की सूची

**सेवा में**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. संघ लोक सेवा आयोग/केन्द्रीय सतर्कता आयोग/नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक/प्रधान मंत्री कार्यालय/लोक सभा सचिवालय/राज्य सभा सचिवालय/राष्ट्रपति सचिवालय/उप राष्ट्रपति सचिवालय/उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय/केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण प्रधान पीठ/भारत का निर्वाचन आयोग/अल्पसंख्यक आयोग/राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग/केन्द्रीय सूचना आयोग/राष्ट्रीय महिला आयोग/राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग/राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग/राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग।
3. कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय।
4. सचिव, कर्मचारी पक्ष, राष्ट्रीय परिषद् (जे.सी.एम.) 13 सी, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली।
5. राष्ट्रीय परिषद (संयुक्त परामर्शदात्री तंत्र) कर्मचारी पक्ष के सभी सदस्य।

6. कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की विभागीय परिषद् (संयुक्त परामर्शदात्री तंत्र) के कर्मचारी पक्ष के सभी सदस्य।
7. केन्द्रीय सरकार कर्मचारी कल्याण समन्वय समितियों के अध्यक्ष/सचिव (कल्याण अनुभाग से प्राप्त अद्यतन सूची के अनुसार)।
8. मंत्रिमंडल सचिव के निजी सचिव ।
9. उप सचिव (समन्वय), दिल्ली सरकार सचिवालय, आई.जी.स्टेडियम, आई.टी.ओ. नई दिल्ली।
10. प्रबंधक (भण्डारण) भारत सरकार, फार्म्स स्टोर, 166, लेनिन सराय, कोलकाता
11. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
12. विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, पीटीआई बिल्डिंग नई दिल्ली-110003।
13. उप निदेशक (बिल), मुद्रण निदेशालय, बी-विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
14. पोजिशनल एस्ट्रोनोमी सेन्टर, ब्लॉक –ए क्यू, प्लाट नं. 8, सेक्टर-V, साल्ट लेक, मनीष बाठन, कोलकाता-700091 ।
15. सुविधा केन्द्र, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (20 प्रतियाँ)।

अनुलग्नक-I

**वर्ष 2020 के दौरान केन्द्र सरकार के दिल्ली/नई दिल्ली स्थित प्रशासनिक कार्यालयों में रखी जाने वाली छुट्टियों की सूची**

| क्र.सं. | छुट्टी | तारीख | शक संवत् की तारीख | दिन |
|---|---|---|---|---|
| | | | **शक संवत् 1941** | |
| 1. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | माघ 06 | रविवार |
| 2. | होली | 10 मार्च | फाल्गुन 20 | मंगलवार |
| | | **शक संवत् 1942** | | |
| 3. | राम नवमी | 02 अप्रैल | चैत्र 13 | गुरुवार |
| 4. | महावीर जयंती | 06 अप्रैल | चैत्र 17 | सोमवार |
| 5. | गुड फ्राइडे | 10 अप्रैल | चैत्र 21 | शुक्रवार |
| 6. | बुद्ध पुर्णिमा | 7 मई | बैसाख 17 | गुरुवार |
| 7. | ईद-उल-फितर | 25 मई | ज्येष्ठ 04 | सोमवार |
| 8. | ईद-उल-जुहा (बकरीद) | 01 अगस्त | श्रावण 10 | शनिवार |
| 9. | जन्माष्टमी | 12 अगस्त | श्रावण 21 | बुधवार |
| 10. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | श्रावण 24 | शनिवार |
| 11. | मुहर्रम | 30 अगस्त | भाद्र 08 | रविवार |
| 12. | महात्मा गांधी जन्म दिवस | 02 अक्तूबर | आश्विन 10 | शुक्रवार |
| 13. | दशहरा | 25 अक्तूबर | कार्तिक 03 | रविवार |
| 14. | मिलाद-उन-नबी अथवा ईद-ए-मिलाद (पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस) | 30 अक्तूबर | कार्तिक 08 | शुक्रवार |
| 15. | दीवाली (दीपावली) | 14 नवम्बर | कार्तिक 23 | शनिवार |
| 16. | गुरु नानक जन्म दिवस | 30 नवम्बर | अग्रहायण 09 | सोमवार |
| 17. | क्रिसमस दिवस | 25 दिसम्बर | पौष 04 | शुक्रवार |

अनुलग्नक II

वर्ष 2020 के दौरान केन्द्र सरकार के दिल्ली/नई दिल्ली स्थित प्रशासनिक कार्यालयों में रखी जाने वाली वैकल्पिक छुट्टियों की सूची

| क्र.सं. | छुट्टी का नाम | तारीख | शक संवत् की तारीख | सप्ताह का दिन |
|---|---|---|---|---|
| | | शक संवत् 1941 | | |
| 1. | नव वर्ष दिवस | 01 जनवरी | पौष 11 | बुधवार |
| 2. | गुरू गोविंद सिंह जंयती | 02 जनवरी | पौष 12 | गुरूवार |
| 3. | लोहड़ी | 13 जनवरी | पौष 23 | सोमवार |
| 4. | मकर संक्रान्ति/पोंगल | 15 जनवरी | पौष 25 | बुधवार |
| 5. | बसंत पंचमी/श्री पंचमी | 30 जनवरी | माघ 10 | गुरूवार |
| 6. | गुरु रविदास जन्म दिवस | 09 फरवरी | माघ 20 | रविवार |
| 7. | स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती | 18 फरवरी | माघ 29 | मंगलवार |
| 8. | शिवाजी जयंती | 19 फरवरी | माघ 30 | बुधवार |
| 9. | महाशिवरात्रि | 21 फरवरी | फाल्गुन 02 | शुक्रवार |
| 10. | होलिका दहन, दोलयात्रा | 09 मार्च | फाल्गुन 19 | सोमवार |
| 11. | हजरत अली का जन्म दिवस | 09 मार्च | फाल्गुन 19 | सोमवार |
| | | शक संवत् 1942 | | |
| 12. | चैत्र शुक्लादि/गुडी पड़वा/ उगाड़ी/चेती चाँद | 25 मार्च | चैत्र 05 | बुधवार |
| 13. | ईस्टर रविवार | 12 अप्रैल | चैत्र 23 | रविवार |
| 14. | वैशाखी/विशु | 13 अप्रैल | चैत्र 24 | सोमवार |
| 15. | मेसादी/वैशाखादि (बंगाल)/बिहाग बिहू (असम) | 14 अप्रैल | चैत्र 25 | मंगलवार |
| 16. | गुरु रबीन्द्रनाथ जयंती | 08 मई | वैसाख 18 | शुक्रवार |
| 17. | जमात-उल-विदा | 22 मई | ज्येष्ठ 01 | शुक्रवार |
| 18. | रथ यात्रा | 23 जून | आषाढ़ 02 | मंगलवार |
| 19. | रक्षा बंधन | 03 अगस्त | श्रावण 12 | सोमवार |
| 20. | जन्माष्टमी (स्मार्त) | 11 अगस्त | श्रावण 20 | मंगलवार |
| 21. | पारसी नव वर्ष दिवस/नौरोज़ | 16 अगस्त | श्रावण 25 | रविवार |
| 22. | विनायक चतुर्थी/गणेश चतुर्थी | 22 अगस्त | श्रावण 31 | शनिवार |
| 23. | ओणम एवं थिरू ओणम दिवस | 31 अगस्त | भाद्र 09 | सोमवार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | दशहरा (महा सप्तमी) (अतिरिक्त) | 23 अक्तूबर | कार्तिक 01 | शुक्रवार |
| 25. | दशहरा (महा अष्टमी) (महा नवमी) (अतिरिक्त) | 24 अक्तूबर | कार्तिक 02 | शनिवार |
| 26. | विजय दशमी (बंगाल, केरल) | 26 अक्तूबर | कार्तिक 04 | सोमवार |
| 27. | महर्षि बाल्मीकि जयंती | 31 अक्तूबर | कार्तिक 09 | शनिवार |
| 28. | करक चतुर्थी (करवा चौथ) | 04 नवम्बर | कार्तिक 13 | बुधवार |
| 29. | नरक चतुर्दशी | 14 नवम्बर | कार्तिक 23 | शनिवार |
| 30. | गोवर्धन पूजा | 15 नवम्बर | कार्तिक 24 | रविवार |
| 31. | भाई दूज | 16 नवम्बर | कार्तिक 25 | सोमवार |
| 32. | प्रतिहार षष्ठी अथवा सूर्य षष्ठी (छठ पूजा) | 20 नवम्बर | कार्तिक 29 | शुक्रवार |
| 33. | गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस | 24 नवम्बर | अग्रहायण 03 | मंगलवार |
| 34. | क्रिसमस की पूर्व संध्या | 24 दिसम्बर | पौष 03 | गुरूवार |

* * * * *